प्रेषक,

जिलाधिकारी,
अयोध्या।

सेवा में,

उप निबन्धक(न्यायिक),
मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण,
प्रधान पीठ, नई दिल्ली।

पत्रांक: 906 / एसटी(सीआरओ) / लोहटी सरैंया / 2019 दिनांक: 25 सितम्बर, 2019

विषय: **Residents of Gramsabha Lohati Saraiya, Post Amraigaon, Janpad Ayodhya Versus State of Uttar Pradesh Original, Application No. 254/2019.**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक आपके ई-मेल दिनांक 24.09.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली के समक्ष विचाराधीन आवेदन पत्र संख्या: 254 / 2019 निवासीगण ग्रामसभा लोहटी सरैंया, पोस्ट अमराईगॉव, जनपद अयोध्या बनाम उ0प्र0 में पारित आदेश दिनांक 16.04.2019 के अनुपालन में माननीय न्यायालय के समक्ष अनुपालन आख्या प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी रूदौली, जनपद अयोध्या से जांच आख्या प्राप्त की गयी। उपजिलाधिकारी रूदौली, जनपद अयोध्या द्वारा अपनी जांच आख्या दिनांक 25.09.2019 द्वारा अवगत कराया गया है कि राजस्व ग्राम लोहटी सरैंया की हड़िया तालाब गाटा संख्या: 357 रकबा 2.162हे0 खतौनी में तालाब खाते में दर्ज है। उक्त तालाब का मछुआ समिति को मत्स्य पालन हेतु पट्टा हुआ है तथा मौके पर मछुआ समिति तालाब में मत्स्य पालन का कार्य करती है। तालाब में स्वच्छ पानी भरा हुआ है, जिसमें कोई अतिक्रमण नहीं हो रहा है।

उपरोक्त जांच इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय,

(अनुज कुमार झा)
जिलाधिकारी,
अयोध्या।

प्रेषक,

उप जिलाधिकारी,
रूदौली अयोध्या।

सेवा में,

जिलाधिकारी
अयोध्या।

संदर्भ।

पत्रांक : 405 /एस0टी0(आर)/लोहटी सरैया/2019 दिनांक 25 सितम्बर, 2019

महोदय,

कृपया ग्राम लोहटी सरैया पोस्ट अमराईगांव तहसील रूदौली जनपद अयोध्या के प्रार्थना पत्र पर अपने पृष्ठांकन आदेश संख्या–1596/ओ0एस0डी0/शा0 दिनांक 01.08.2019 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसमें ग्रामसभा लोहटी सरैया रूदौली अयोध्या बनाम राज्य उ0प्र0 के सम्बन्ध में आख्या चाही गयी है।

उक्त प्रकरण की जांच तहसीलदार रूदौली से करायी गयी। तहसीलदार की जांच आख्या दिनांक 25.09.2019 के अनुसार राजस्व ग्राम लोहटी सरैया की हड़िया तालाब गाटा संख्या–357/2.162 हे0 तालाब खाते की दर्ज खतौनी है। उक्त तालाब का मछुआ समिति को मत्स्य पालन हेतु पट्टा हुआ है तथा मौके पर मछुआ समिति तालाब में मत्स्य पालन का कार्य करती है.। तालाब में स्वच्छ पानी भरा हुआ है, जिसमें कोई अतिक्रमण नहीं हो रहा है।

आख्या सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नकः–यथोपरि।

(विपिन कुमार सिंह)
उप जिलाधिकारी,
रूदौली–अयोध्या।